हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 दिसंबर 2025, समय 14:35 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आज साहिबजादों के अनुकरणीय साहस और बलिदान को याद कर रहा है, जो देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणाओं और बलिदानों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादे भारत की अदम्य साहस और वीरता के सर्वोच्च आदर्शों की मिसाल हैं। श्री मोदी ने कहा कि साहिबजादे उम्र की सीमाओं को तोड़कर क्रूर मुगलों के सामने चट्टान की तरह खड़े रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि माता गुजरी जी, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और चारों साहिबजादों की हिम्मत और आदर्श हर भारतीय को ताकत देते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार अगले वर्ष विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर विदेशों और कुरुक्षेत्र में और भव्य तरीके के साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस के लिए पूरी योजना तैयार करेगी।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन हर साल श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबज़ादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में मनाया जाता है।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उनका अद्वितीय बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी देश के बच्चे देशभक्ति और उच्च आदर्शों वाले होते हैं, तो उस राष्ट्र की मानवता सुनिश्चित होती है।

****

हरियाणा कारागार विभाग महानिदेशक आलोक राय ने पंचकूला के सेक्टर 14 स्थित हरियाणा कारागार कार्यालय के बाहर जेल कैदियों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के आउटलेट का उदघाटन किया।

महानिदेशक ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य जेल में रह रहे कैदियों का कौशल विकास और पुनर्वास करना है। उन्होंने कहा कि ऐसा एक आउट्लेट पहले से अंबाला में चल रहा है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार अगले वर्ष विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर विदेशों और कुरुक्षेत्र में और भव्य तरीके के साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस के लिए पूरी योजना तैयार करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर महोत्सव को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। अगले वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले का आयोजन 5 दिसंबर से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 14 दिसंबर से 20 दिसंबर 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्ष में कार्यक्रमों का आयोजन जहां जिला स्तर पर किया जाएगा, वहीं हरियाणा के प्रमुख और बडे मंदिरों में भी गीता महोत्सव कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के साथ अगले वर्ष होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन बारे विस्तार से चर्चा की। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने मुख्यमंत्री को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 की विस्तृत रिपोर्ट भी सौंपी।

****